
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:27 बजे


सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 6:26 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 152 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 6 दिसंबर 2025


शादी से पहले सोनाक्षी और जहीर...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### चेकिंग के दौरान तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने पुलिसकर्मी को मारी टक्कर, चालक फरार

**हल्द्वानी।** तिकोनिया चौराहे पर 5 दिसंबर की रात चेकिंग के दौरान एक स्कॉर्पियो वाहन ने पुलिसकर्मी को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार, पुलिसकर्मी शाम की नियमित चेकिंग और फुटपाथ पर शराब पीने वालों की जांच कर रहा था। इसी दौरान लगभग 9:50 बजे काठगोदाम की ओर से तेज रफ्तार में आ रही स्कॉर्पियो को रोकने का प्रयास किया गया। चालक ने वाहन रोकने के बजाय पुलिसकर्मी को जानबूझकर टक्कर मार दी, जिससे वह स?क पर गिरकर घायल हो गया। घायल पुलिसकर्मी को तत्काल सरकारी वाहन से चंदन अस्पताल ले जाया गया, जहां वह उपचाराधीन है। चोट के कारण वह अपनी ड्यूटी निभाने में असमर्थ बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, वाहन चालक द्वारा सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की गई और घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन नंबर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### नैनीताल में अफसरों ने किया खेल मैदान के समीप के भवन का निरीक्षण

**नैनीताल।** जिला प्रशासन, जिला खेल अधिकारी तथा नगर पालिका एवं आरईएस के अधिकारियों ने शुक्रवार को मल्लीताल खेल मैदान के समीप स्थित भवन का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने भवन में प्रस्तावित शौचालय निर्माण आदि को लेकर चर्चा की। बता दें कि इन दिनों आरईएस की ओर से मस्जिद के समीप चौड़ीकृत सड़क के नीचे खेल मैदान से लगे क्षेत्र में शौचालय समेत चेंजिंग कक्ष व खिलाडियों आदि के बैठने के लिए स्थान विकसित किया जा रहा है। इसी क्रम में आरईएस की ओर से मुखय भवन में भी शौचालय का कार्य किया जाना है। बताया जाता है कि उक्त भवन में पूर्व में एडीबी की ओर से कार्य किया गया जो अभी अधूरे हैं। इसी कारण विभाग ने वहां कार्य के लिए जिला प्रशासन से निरीक्षण रायशुमारी की मांग की।

# इंडिगो सीईओ के माफी मांगने वाले वीडियो पर एक्स पर लगा कम्युनिटी नोट

**नई दिल्ली**
एजेंसी



इंडिगो के परिचालन संकट पर शुक्रवार शाम एक बयान जारी कर एयरलाइन के सीईओ ने माफी मांगी, लेकिन सीईओ की माफी से लोग भड़क गए हैं। लोगों ने सोशल मीडिया पर इंडिगो को आड़े हाथों लेते हुए लोगों को हुई परेशानी के लिए मुआवजे की मांग की है।

इंडिगो एयरलाइन का संकट बरकरार है और शनिवार को भी कई हवाई अड्डों पर इंडिगो की उड़ानें रद्द हुई हैं। शुक्रवार को हालात सबसे ज्यादा खराब रहे और दिनभर में 1000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं। इससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और लोग कई घंटों तक हवाई अड्डों पर फंसे रहे और अफरा-तफरी का माहौल रहा। इस बीच शुक्रवार शाम को इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने एक वीडियो जारी कर मौजूदा हालात के लिए माफी मांगी। सीईओ की इस वीडियो को सोशल मीडिया के विभिन्न मंचों पर साझा किया गया। हालांकि सीईओ की माफी से एक्स यूजर्स भड़क गए और उन्होंने कई गंभीर सवाल उठाए। एक्स पर सीईओ की वीडियो पर कम्युनिटी नोट लगा है, जिस पर यूजर्स अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं और तथ्य साझा कर रहे हैं। यूजर्स ने लिखा कि इंडिगो और अन्य एयरलाइंस को डीजीसीए के नए नियमों के बारे में एक साल पहले नोटिफाई किया गया था, लेकिन इंडिगो ने नियमों का पालन नहीं किया, जिसके चलते ये परेशानी हुई। साथ ही कहा गया कि इंडिगो ने अपने बयान में डीजीसीए के नियमों का पालन न करने की बात स्वीकार नहीं की है, जबकि इसके कारण ही सारी परेशानी हुई। इस कम्युनिटी नोट पर यूजर्स प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि जब हालात इतने खराब हैं तो फिर इंडिगो द्वारा टिकट क्यों बेचे जा रहे हैं? साथ ही लोगों ने पूछा कि क्या लोगों को जो परेशानी हुई, उसके लिए इंडिगो मुआवजा देगी? एक अन्य यूजर ने लिखा ये इंडिगो के लिए बेहद शर्मनाक बात है, एयरलाइन योजना के स्तर पर बुरी तरह से असफल हुई है, या ये डीजीसीए को ब्लैकमेल करने के लिए जानबूझकर तो नहीं किया गया। यात्रियों की परेशानी को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गए और उड़ानें रद्द होने पर यात्रियों को रिफंड भी नहीं दिया गया।

राहुल बोले- उनकी विरासत हमारे संघर्ष की प्रेरणा

# आंबेडकर की पुण्यतिथि पर पीएम मोदी की श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली**
एजेंसी

डॉ. आंबेडकर की आज 69वीं पुण्यतिथि है। इस अवसर पर पूरा देश भारत के संविधान निर्माता को याद कर रहा है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए पीएम मोदी ने लिखा कि उनकी संविधान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी राष्ट्रीय यात्रा को राह दिखाती रहेगी।

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की आज 69वीं पुण्यतिथि है। इस मौके पर पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन और अन्य नेताओं ने संसद भवन परिसर में डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. आंबेडकर को याद करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर को याद करते हुए।
उनका दूरदर्शी नेतृत्व और न्याय, समानता और संविधान के प्रति अटूट प्रतिबद्धता हमारी राष्ट्रीय यात्रा को राह दिखाती रहेगी। उन्होंने पीढ़ियों को इंसानी गरिमा बनाए रखने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मज़बूत करने के लिए प्रेरित किया। उनके आदर्श हमें विकसित भारत बनाने की दिशा में काम करते हुए राह दिखाते रहें।



### राहुल गांधी ने संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर को किया याद

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने डॉ. आंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर याद करते हुए एक पोस्ट में लिखा, बाबासाहेब आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उनकी समानता, न्याय और मानवीय गरिमा की विरासत संविधान बचाने के मेरे संकल्प को मजबूत करती है और भारत और समावेशी और करुणाशील भारत बनाने में हमारे एकजुट संघर्ष को प्रेरित करती है। संसद परिसर में डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि देने के बाद राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए कहा आंबेडकर जी एक आइकॉन हैं। उन्होंने पूरे देश को रास्ता दिखाया, उन्होंने हमें संविधान दिया।

# तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

**घटना**
- एफआईआर दर्ज न होने पर पिता ने न्यायालय की शरण ली

उत्तराखंड के हल्द्वानी क्षेत्र में 27 अगस्त की रात तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक की टक्कर से अंकित कश्यप पुत्र मुन्नालाल कश्यप, निवासी प्रेम विहार, जीतपुर नेगी, रामपुर रोड, हल्द्वानी गंभीर रूप से घायल हो गया।

घटना रात लगभग 10:30 बजे की है, जब अंकित अपनी नई मोटरसाइकिल से देवलचौड़ की ओर से अपने घर लौट रहा था। नैनीताल मोटर्स, रामपुर रोड के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार ट्रक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक चालक कुछ क्षण रुककर घायल युवक को देखने के बाद मौके से फरार हो गया। घटना स्थल के पास लगे नैनीताल मोटर्स और अन्य सीसीटीवी कैमरों में पूरी दुर्घटना कैद भी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिवारजनकृपाल, प्रदीप और पीड़ित की माता उसे गंभीर हालत में सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचे। बाद में उसकी स्थिति को देखते हुए उसे रावल अस्पताल, कुसुमखेड़ा रेफर किया गया, जहां उसके दाहिने हाथ और पैर में रॉड डाली गई तथा शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटों का उपचार किया गया। अंकित को आईसीयू में भर्ती रखा गया था और वर्तमान में भी उसका उपचार जारी है। पिता मुन्नालाल कश्यप उपचार में व्यस्त होने के बावजूद 2 सितंबर को घटना की तहरीर लेकर थाना हल्द्वानी पहुंचे, जहां पुलिस ने उनकी तहरीर रिसीव करते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया। कई दिन बीत जाने के बावजूद कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद उन्होंने 19 सितंबर 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल को डाक द्वारा प्रार्थना पत्र भेजा, परंतु तब भी थाना पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि न तो एफआईआर दर्ज की गई और न ही अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध कोई कानूनी कदम उठाया गया। अब न्याय की तलाश में पीड़ित पिता ने धारा 175(3), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के अंतर्गत न्यायालय से अनुरोध किया है कि थाना हल्द्वानी को एफआईआर दर्ज करने व अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध तत्पर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया जाए।

# भवाली और आसपास का इलाके में गुलदार की दहशत

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

भवाली और आसपास का इलाका इन दिनों गुलदार की दहशत में है। नैनीताल रोड के पास हाईवे रेस्टोरेंट के करीब और भवाली सैनिटोरियम के आस-पास दो दिनों से लगातार बड़ी बिल्ली प्रजाति के जानवर की मौजूदगी देखी जा रही है। स्थानीय लोग बताते हैं कि शाम होते ही खेतों और घरों के आंगन तक से बाघ के बोलने जैसी आवाजें सुनाई देती हैं, जिससे माहौल पूरी तरह भयभीत हो गया है। रविवार को परवेज की गाय का दो साल का बछड़ा दिन में करीब 11 बजे गुलदार उठा ले गया। हल्ला मचाने पर उसने गुराना शुरू कर दिया, लेकिन उसने बछड़े को तब तक नहीं छोड़ा जब तक उसे मार नहीं दिया। इस घटना के बाद से इलाका और ज्यादा दहशत में है। सुबह मॉर्निंग वॉक पर जाने वाले कई लोगों ने भी गुलदार को रास्तों के आसपास घूमते देखा है। घरों में छोटे-छोटे बच्चे आंगन में खेलते हैं, ऐसे में दिन के उजाले में भी गुलदार का इस तरह सक्रिय होना लोगों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गया है। पूरा क्षेत्र बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक लगातार खतरा महसूस कर रहा है। स्थिति गंभीर देख आज कांग्रेस नेत्री और सामाजिक कार्यकर्ता खष्टी बिष्ट ने वन विभाग के अधिकारी मलकानी से फोन पर बात कर मौके पर पिंजरा लगाने और कार्रवाई करने की मांग की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि वन विभाग की टीम जल्द क्षेत्र का निरीक्षण कर उचित कदम उठाएगी।

# बनभूलपुरा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा को उच्च स्तरीय बैठक की योजना

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

10 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट में हल्द्वानी बनभूलपुरा रेलवे अतिक्रमण मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस की अदालत में होनी है। ऐसा बताया जा रहा है कि सीजेआई इस दिन इस मामले में अपना फैसला सुना सकते है। पिछली 2 दिसंबर की तारीख के दिन भर एसआईआर को लेकर सुनवाई लंबी खींच जाने की वजह से इस मामले की सुनवाई अगली दस दिसंबर तक टल गई थी।

दो दिसंबर की तरह दस दिसंबर को भी पुलिस प्रशासन ने बनभूलपुरा क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा जारी रखने के लिए उच्च स्तरीय बैठक करके अपनी कार्य योजना बना ली है। हल्द्वानी रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले का विस्तृत घटनाक्रमयाचिका में दायर करने वालों ने मुख्यत- निम्न दलीलें दी थींकि यह लोग दशकों से (कुछ परिवारों ने तो आजादी से पहले ?भी) उस जमीन पर रह रहे हैं और उनकी पहचान स्थानीय प्रशासन और रिकॉर्ड में दर्ज है,



उन्होंने लंबे समय से टैक्स/भाड़ा आदि दिया है। याचिका में यह दावा किया गया था कि खाली करने का आदेश अचानक और बिना उचित पुनर्वास योजना के नहीं होना चाहिए। यह भी तर्क दिया गया था कि इलाके में कई मकान, स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र आदि वर्षों से रह रहे थे — अर्थात सामाजिक बुनियादी सुविधाएँ भी थे। इस प्रकार, याचिका का मूल आधार था — लंबे समय से रहने वाले लोगों का अधिकार, सामाजिक-मानवीय आधार, और बिना पुनर्वास सुनिश्चित किए अतिक्रमण नहीं हटाया जाए। जनवरी 2023 में, जब पहले उच्च न्यायालय नैनीताल ने अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था, तब बनभूलपुरा के स्थानीय लोग , सुप्रीम कोर्ट पहुँचे। सुप्रीम कोर्ट ने तत्काल प्रशासन की ध्वस्तीकरण करवाई पर रोक लगाई — यानी रातों-रात हजारों लोगों को बेघर नहीं किया जा सकता कहकर स्टे दिया गया। बाद में, 24 जुलाई 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश दिया- उसने कहा कि काबिज लोगों को हटाने की कारवाई से पहले पुनर्वास योजना बनाई जाए — प्रभावित लोगों के पुनर्वास की रूपरेखा तय होनी चाहिए। कोर्ट ने निर्देश दिया कि पहले यह निर्धारित किया जाए कि रेलवे को जमीन का वह हिस्सा कितनी चौड़ाई/लंबाई में चाहिए, कौन-कौन परिवार प्रभावित होंगे, और उन्हें कहाँ पुनर्वास (नया आवास / वैकल्पिक जमीन) दी जाएगी ?इसके लिए उत्तराखंड सरकार, केंद्र, रेलवे और आवास मंत्रालय (या संबंधित विभाग) को एक बैठक बुलाने और चार सप्ताह के अंदर पुनर्वास योजना पेश करने को कहा गया था। रेलवे ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर कहा है कि उनके पास ऐसी कोई नीति नहीं है जिसके तहत अतिक्रमणकारियों के पुनर्वास या मुआवजे की व्यवस्था हो। रेलवे और राज्य की दलील है कि यह जमीन रेलवे की भूमि है — 1959 रेलवे भूमि योजना और 1972 में राज्य द्वारा भूमि की पुष्टि की गई और कब्जा अवैध है। याचिकाकर्ताओं का तर्क कि उन्होंने दशकों से रहकर नगरपालिका टैक्स/हाउस टैक्स दिया है, रेलवे द्वारा गैस, पानी कनेक्शन दिए गए थे, उन्हें आधार कार्ड समेत पते से स्वीकार किया गया।18 मई 2022 को कोर्ट ने सभी प्रभावित व्यक्तियों को अपने तथ्य न्यायालय में रखने के निर्देश दिए लेकिन अतिक्रमणकारी उक्त भूमि पर अपना अधिकार साबित करने में विफल रहे। 20 दिसंबर 2022 को कोर्ट ने फिर से रेलवे को अतिक्रमणकारियों को हफ्ते भर का नोटिस जारी करते हुए अतिक्रमण हटाने संबंधी निर्देश दिए। बाद में यह मामला सुप्रीम कोर्ट में चला गया जहां अब आगामी दस दिसंबर इस पर सुनवाई होनी है।

# डीएसबी में छात्र नेताओं ने की 4 घंटे तालाबंदी

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में छात्र नेताओं ने बीएफ ए विभाग के प्रो. एम. एस. मावड़ी पर छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए विभाग में चार घंटे तक तालाबंदी की। बाद में परिसर के कला संकायाध्यक्ष प्रो. रजनीश पांडे से मिले मामले में आश्वासन पर छात्र नेताओं ने ताला खोला।



बता दें शुक्रवार को कुविवि छात्र महासंघ के अध्यक्ष आशीष कबड़वाल तथा डीएसबी परिसर के छात्र संघ अध्यक्ष करन सती व छात्रसंघ सचिव आयुष आर्या ने बीएफ ए विभाग के छात्राओं को साथ लेकर से प्रो. मेवाड़ी के खिलाफ परिसर में प्रदर्शन किया। छात्राओं ने प्रो. मावड़ी पर छात्राओं से अश्लील व अभद्र भाषा का प्रयोग करने और विभाग के छात्रों को फेल करने व असाइनमेंट जमा नहीं करने के आरोप पर छात्र नेताओं ने बीएफ ए विभाग में तालाबंदी की। जिसमें छात्र नेताओं ने प्रो. मावडी को तुरंत परिसर आने की मांग की जिसके चलते छात्र नेताओं ने विभाग के टीचिंग स्टाफ को भी विभाग में बंद कर दिया। छात्र नेताओं का कहना है वह छात्रों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। छात्र नेताओं के गुस्से को देख परिसर के कला संकायाध्यक्ष प्रो. रजनीश पांडे ने छात्रों और छात्र नेताओं को आश्वासन दिया कि उक्त मामले में कार्यवाही की जाएगी साथ ही शिकायती पत्र कुलपति को प्रेषित किया जाएगा।

छात्र नेताओं ने सुबह 10 बजे से तालाबंदी की बाद में संकायाध्यक्ष के आश्वासन के बाद अपराह्न दो बजे ताला खोलकर टीचिंग स्टाफ को विभाग से बाहर निकाला। दूसरी ओर छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है यदि सोमवार तक मामले में प्रो. एम एस मवाड़ी ने त्याग पत्र नहीं दिया तो वह उग्र आंदोलन करेंगे। इस दौरान कला संकाय प्रतिनिधि वेदांत पांडेय, अतुल रावत, भानु प्रताप सिंह आदि कई गुरुजन मौजूद रहे ।



# प्रणय सूत्र में बंधने के बाद योगेश व रितु ने किया पौधरोपण

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान शुक्रवार को 508 वें दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान को विवाह समारोह से जोडने के कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को अभियान के 508 वें दिन डीडीहाट के उदय पैलेस में विवाह समारोह कार्यक्रम के तहत बरला निवासी रवीन्द्र डसीला व मंजू डसीला के पुत्र योगेश व पुत्रवधू रितु ने प्रणय सूत्र में बंधने के बाद एक पौधा धरती मां के नाम के तहत प्रणय पौधलगाया। योगेश व रितु ने कहा कि वह अपनी हर सालगिरह पर पौधारोपण करेंगे व लगाए गए पौधे का संरक्षण भी करेंगे।

रविंद्र डसीला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण से हर किसी को जुडना चाहिए उन्होंने कहा कि पौधारोपण अभियान से जुडना वह अपना सौभाग्य समझते हैं। कार्यक्रम में उदय पैलेस के मालिक लक्ष्मण सिंह डसीला समेत सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन कन्याल,प्रदीप कन्याल,भूपेंद्र कन्याल, रेनू कुंवर, मीना डसीला, भूपेंद्र डसीला, त्रिभुवन डसीला, कल्याण डसीला, रमेश डसीला व विजेंद्र मेहता सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं योजना के तहत छात्राओं को दी गयी कई जानकारियां

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के रामगढ़ विकास खंड के तहत राजकीय इन्टर कालेज तल्ला रामगढ में शुक्रवार को बेटी - बचाओ बेटी पढाओं योजना के अन्तर्गत किशोरी बालिकाओं के असुरक्षित स्थानों का संवेदीकरण कार्यशाला, घरेलू हिंसा तथा स्वस्थ बेटी -उज्जवल भविष्य, बाल विवाह तथा यूसीसी संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिला मेडिकल आफि सर डा. श्वेता सिंह द्वारा मैन्सुरेशन हाइजीन (पीसीओडी/पीसीओएस) ,एनीमिया,गर्भाशय कैंसर, पौष्टिक आहार समेत स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में बाल विकास परियोजना अधिकारी पार्वती कोरंगा द्वारा नंदा गौरा योजना समेत बाल विवाह, यू सीसी तथा चाइल्ड हैल्प लाइन व महिला हैल्प लाइन के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यशाला में आरकेएसआर परामर्शदाता विमला, इंटर कालेज की प्रिसिंपल आशा आर्या, शिक्षिका कीर्ति चौनिया, नम्रता रौतेला, सुंदरी बर्थवाल व बाल विकास की सुपरवाइजर व आगंनबाडी कार्यकत्रियां उपस्थित रही। कार्यशाला का संचालन आगंनबाडी कार्यकत्री दीपा साह ने किया। अंत में बाल विकास परियोजना अधिकारी पार्वती कोरंगा ने सभी का विशेष आभार जताया।



## NEWS / फटाफट

### नैनीताल में नशा छोड़ो-दूध पियो कार्यक्रम आज

**नैनीताल ।** नैनीताल शहर के युवा सामाजिक कार्यकर्ता पूरन सिंह मेहरा की ओर से शनिवार (आज) नैनीताल में नशा छोड़ो-दूध पियो कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया जाएगा। मेहरा के मुताबिक कार्यक्रम शनिवार (आज) को शाम 3 बजे से तल्लीताल रामलीला मैदान के पास हरिनगर में आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समाज में नशे के खिलाफ जिसमें युवा ही नहीं बच्चे तथा युवतियां भी शिकार हैं। इस बीमार के खात्मे के लिए उनकी ओर से विगत कई वर्षो से नशा छोड़ो-दूध पियों कार्यक्रम आयोजित किया जाता रहा है। मेहरा ने नगरवासियों समेत सभी से इस विशेष जनजागरुकता अभियान से जुड़ने तथा नशे के खिलाफ अपना पुरजोर समर्थन देने की वकालत की है।

### ग्रामीणों के प्रत्यावेदन पर तीन सप्ताह के भीतर विधि अनुसार निर्णय लें:हाईकोर्ट

**नैनीताल ।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने ऋषिकेश के रिजर्व फारेस्ट एरिया व फारेस्ट आवासी कालोनी के प्रवेश द्वार पर आबकारी विभाग ने मदिरा की दुकान खोलने की अनुमति दिए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुखय न्यायधीश की अध्यक्षता वाली खण्डपीठ ने आबकारी आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि ग्रामीणों के प्रत्यावेदन पर तीन सप्ताह के भीतर विधि अनुसार निर्णय लें साथ में कोर्ट ने ग्रामीणों से कहा कि वे अपनी शिकायत आबकारी आयुक्त को दुबारा से दें। मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में हुई। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने जनहित याचिका को निस्तारित कर दी।

### सभी राशनकार्ड धारक 15 दिसंबर तक हर हाल में करा लें ई-केवाईसी:बिष्ट



**नैनीताल ।** नैनीताल जिले के क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट ने कहा कि शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में जिले के सभी राशन कार्ड धारकों को पूर्व में 30 नवंबर तक राशन कार्ड में दर्ज प्रत्येक सदस्य की ई -केवाईसी सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान में जाकर अनिवार्य रूप से करवानी थी इस तिथि को सरकार द्वारा बढ़ाकर अब 15 दिसंबर अन्तिम तिथि निर्धारित कर दिया गया है। बिष्ट ने नैनीताल जिले के सभी राशन कार्ड धारकों से अपील की है कि निर्धारित समय 15 दिसंबर 2025 से पूर्व सभी राशन कार्ड धारक और उनके परिवार के सभी सदस्य अपने नजदीकी राशन डीलर की दुकान में जाकर अनिवार्य रूप से ई- केवाईसी करवा लें ।

### शेरवानी क्षेत्र में नियमित बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग



**नैनीताल ।** नैनीताल में भाजपाईयों के शिष्टमंडल ने बिजली विभाग के उप खंड अधिकारी प्रियंक पांडे से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने नगर के मल्लीताल स्थित शेरवानी क्षेत्र में हर रोज बिजली आपूर्ति में हो रहे व्यवधान को समाप्त कर क्षेत्र में सुचारु रुप से बिजली आपूर्ति करने की गुजारिश की। शिष्टमंडल ने बताया कि जब क्षेत्र में बिजली आपूर्ति रहती है तो उसमें फिर वोल्टेज की समस्या पैदा हो जाती है। उन्होंने दोनों समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग की जिससे जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। शिष्टमंडल में भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट तथा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बिष्ट समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# ज्योलीकोट-हल्द्वानी एनएच पर ट्रक व मोटर साईकि ल में भिडंत

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के ज्योलीकोट-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग में शुक्रवार की शाम को करीब ढाई बजे

एक मोटर साइकिल और सबजी से लदे ट्रक में भिड़ंत में कालाढुंगी निवासी दो युवक मेहताब आलम पुत्र सैफुद्दीन और सुहैल पुत्र हसन घायल हो गए जिसमें एक युवक को गंभीर चोट आ गयी। इस दौरान दोनों को उपचार के लिए ले जाते समय रास्ते में सुहैल ने दम तोड़ दिया।

प्रारंभिक प्राप्त जानकारी के मुताबिक ट्रक नंबर यूके0 04सीबी-0678 हलद्वानी से पहाड़ की ओर आ रहा था जबकि मोटर साइकिल नंबर यूके 04-एपी-7847 में सवार उक्त दोनों युवक ज्योलीकोट से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे कि इसी दौरान ज्योलीकोट बाजार से आगे संकरे मोड पर बाइक उक्त ट्रक से जा भिड़ी



जिसमें दोनों युवक गंभीर रुप से घायल हो गए। बाद में निजी वाहन से दोनों घायलों को उपचार के लिए हल्द्वानी भेजा गया। दुर्घटना के बाद राजमार्ग में लंबा जाम लग गया जिसे स्थानीय पुलिस कर्मियों से बड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया ।

गंभीर रूप से घायल सुहैल ने इलाज को ले जाते रास्ते में दम तोड़ दिया। फिलहाल पुलिस मामले में कार्रवाई करने में जुटी है।

# ऑल सेंट्स कॉलेज में क्रिसमस नाट्य एवं शैडो ड्रामा प्रस्तुति

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज में शुक्रवार को नन्हें बच्चों ने क्रिसमस नाट्य मंचन और शैडो ड्रामा से मन मोहा। विद्यालय में इस वर्ष आयोजित क्रिसमस समारोह में मंचित भव्य क्रिसमस नाट्य प्रस्तुति और भावपूर्ण शैडो ड्रामा ने दर्शकों को आध्यात्मिक संवेदना व सौंदर्य और सृजनात्मकता के अद्भुत अनुभव से भर दिया।कार्यक्रम की शुरुआत शांत तारों भरी रात्रि के प्रतीकात्मक दृश्य से हुई जिसने मरियम और जोसेफ की यात्रा से लेकर प्रभु यीशु मसीह के जन्म तक की कथा को अत्यंत सौम्यता और आकर्षक अभिनय के साथ जीवंत किया। मंच पर प्रस्तुत नन्हें कलाकारों की प्रभावपूर्ण अभिव्यक्ति और मधुर कैरोल्स ने दर्शक दीर्घा में बैठे अभिभावकों एवं आमंत्रित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत हुआ शैडो ड्रामा दर्शकों के लिए किसी आश्चर्य से कम नहीं था। इस नाट्यांश के माध्यम से प्रकाश और छाया की अनूठी शैली में प्रभु यीशु द्वारा किए गए चमत्कारों को दर्शाया और प्रेम, क्षमा व त्याग और मानवता का सशक्त संदेश दिया गया। शांत संगीत, मिनिमलिस्टिक प्रस्तुति और दृश्य छाया का अद्भुत संयोजन तालियों की गड ?ड़ाहट के बीच संपन्न हुआ। दर्शकों ने इसे अभिनव प्रयास, अविस्मरणीय प्रस्तुति और मन को छू लेने वाला अनुभव बताया। प्रधानाचार्या श्रीमती अंजिना रिचर्ड्स ने सफ ल प्रस्तुति के लिए विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रस्तुतियाँ बच्चों में सृजनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता और सामाजिक व मानवीय मूल्यों को पोषित करती हैं। अंत में विद्यालय प्रबंधन द्वारा कर्मचारियों के प्रति सममान और सद्भाव प्रकट करते हुए उपहार वितरित किए गए जिसने क्रिसमस के मूल संदेश करुणा और सहभागिता को सुंदर रूप से अभिव्यक्त किया,इसके साथ ही कार्यक्रम का समापन सभी को शांतिए सद्भावना और खुशी से भरे क्रिसमस के शुभ संदेश के साथ हुआ।

# पीएमजीएसवाई के अधिकारी नहीं आने पर विधायक कैड़ा गुस्से में

## खंड विकास अधिकारी को नोटिस भेजनें के दिए निर्देश



धारी

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के धारी विकास खंड के सभागार में शुक्रवार को बलॉक प्रमुख भावना आर्या कि अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसका संचालन महेश चंद्र गंगवार ने किया।

बैठक मे सर्वप्रथम पशुपालन विभाग ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे मे जानकारी दी गई। ग्राम सभा दुदली प्रधान शिव दत्त सुयाल ने कहा कि तीन महीने से इंसोरेंस नहीं हो पर रहा है। साथ ही कहाँ गया कि दस साल से चुरिगाड़ मे पशुपालन विभाग के लिए कई पद रिक्त पड़े हुए है पशु पालन विभाग द्वारा कोई सुविधा नहीं दें पर रहा है जिस कारण किसानों को गाय वो भैंस बकरी बीमार होने पर धारी आना पड़ता है इस दौरान के शिविर लगाने कि मांग की। गुनीगांव मे स्वास्थ्य के शिविरम्लगाने कि मांग की जिस पर विधायक राम सिंह केड़ा ने कहाँ सेंटर स्थल मे जल्दी ही के शिविर लगाया गया है साथ ही विधायक ने कहा कि जन प्रतिनिधि वो अधिकारी आपस मे तालमेल बनाकर कार्यक्रम करें।

**बैठक**

- **धारी बलाक की क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक आयोजित**

कहाँ कि बिरसीग्या मोटर मार्ग कि स्वीकृति मिल गई है जल्दी ही सड़क निर्माण कार्य कराया जायेगा। बैठक में पीएमजीएसवाई के अधिकारी नहीं आने पर विधायक ने खंड विकास अधिकारी को नोटिस भेजनें के निर्देश दिये। विधायक ने पलड़ा मे सोलर पंप देने कि घोषणा की। हरिनगर सरना आजतक पंचयत भवन नहीं बन पाया है जिसका मुद्दा उठाया गया जिस पर विधायक ने जल्द ही भवन बनाने का आश्वासन दिया। सड़कों में झाडिया काटने का मुद्दा प्रधान द्वारा उठाया गयाण। धारी क्षेत्र मे बाघ का आतंक बनाने से स्कूलो मे जल्दी छुट्टी करने के लिए जन प्रतिनिधियों ने मुदा उठाया जिस पर खंड विकास अधिकारी ने दो बजे छुट्टी करने का आश्वासन दिया साथ ही शिक्षा विभाग से अध्यापक देर से आने का मुद्दा बैठक मे आया जिस पर विधायक ने अधिकारियो को जाँच करने के निर्देश दिये।

इस दौरान उप उपजिलाधिकारी अंशुल भट्ट, खंड विकास अधिकारी हर्षित गर्ग, जिला पंचायत सदस्य रेखा देवी समेत जल सस्थान के एई हरीश द्विवेदी तथा जेई विपुल पुंडीर, हिमांशु कांडपाल तथा कृपाल सिंह मेहता आदि लोग मौजूद रहे।

# अभिमत

## समाज को न बांटें

*विधानसभा और निकाय चुनाव में क्षेत्रों का जाति के आधार पर आरक्षण सरासर अनुचित है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत ने कहा कि हम जो भी करें, हमें समाज को जाति के आधार पर नहीं बांटना चाहिए। महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव में किस हद तक आरक्षण की सीमा लागू की जाए, इस मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने समाज को एकजुट रखने की सलाह दी है।*

जाति के आधार पर आरक्षण की नीति अनुचित और अन्यायपूर्ण है। आरक्षण को लेकर समय-समय पर आंदोलन तथा न्यायालय में मामले दायर किये गये हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी कई बार जाति के आधार पर आरक्षण के खिलाफ फैसला सुनाया है। विधानसभा और निकाय चुनाव में क्षेत्रों का जाति के आधार पर आरक्षण सरासर अनुचित है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्य कांत ने कहा कि हम जो भी करें, हमें समाज को जाति के आधार पर नहीं बांटना चाहिए। महाराष्ट्र स्थानीय निकाय चुनाव में किस हद तक आरक्षण की सीमा लागू की जाए, इस मामले की सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत ने समाज को एकजुट रखने की सलाह दी है। अनुसूचित जाति और जनजाति को आरक्षण के बाद अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण के दौरान भी संविधान के अनुसार 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं होने का मुद्दा उठा था। क्रीमीलयर को आरक्षण के दायरे से बाहर करने की मांग होती रही है। शिक्षा और नियुक्ति में जाति आधारित आरक्षण से सामान्य वर्ग तथा प्रतिभाशाली योग्य युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। आरक्षण को आर्थिक आधार पर लागू किया जाना न्यायसंगत होगा। चुनाव क्षेत्रों का आरक्षण तो अन्याय की पराकाष्ठा है। निर्वाचन क्षेत्र में जिस जाति के मतदाता अधिक होते हैं, उस क्षेत्र को आरक्षित कर दिया जाता है। आरक्षित क्षेत्र के प्रत्याशी को उसकी जाति के ही लोग वोट नहीं देते हैं, बल्कि अन्य जातियों के मतदाता भी मताधिकार का इस्तेमाल करते हैं। निर्वाचित होने के बाद जनप्रतिनिधि को क्षेत्र के सभी लोगों के लिए कार्य करना होता है। जाति आधारित आरक्षण में सामान्य वर्ग के साथ एक अन्याय और होता है, आरक्षित क्षेत्र से सामान्य वर्ग का प्रत्याशी चुनाव में हिस्सा नहीं लेता, जबकि अनारक्षित क्षेत्र में सामान्य के साथ आरक्षित जाति के नेता भी प्रत्याशी बनते हैं। शीर्ष अदालत की तरह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत भी कह चुके हैं कि हिन्दू शब्द का आशय समाज के सभी वर्गों को संगठित करना है, जातियों और समुदायों में विभाजित समाज को एकजुट करके ही भारत विश्वगुरु बनेगा। चुनाव में जाति विशेष के प्रत्याशी को उसी की जाति के अनेक लोग वोट नहीं देते हैं। चुनाव में प्रत्याशी की जाति नहीं, बल्कि उसकी योग्यता, जनहित में कार्य तथा समाज में उसकी छवि के आधार पर लोग वोट देते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चेहरे पर भाजपा के हजारों प्रत्याशी चुनाव जीत रहे हैं, उनकी जाति की अनदेखी करके लोग वोट दे रहे हैं। चुनाव में आरक्षण तत्काल प्रभाव से खत्म होना चाहिए।

## फायर सीजन में जंगलों में लगने वाली आग के मामले में सुनवाई अब 10 को:हाईकोर्ट

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाइकोर्ट ने फायर सीजन में प्रदेश के जंगलों में लगने वाली आग पर स्वतः संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका सहित कई अन्य की जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई करने के बाद मुखय न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ में पूर्व के आदेश पर पर्यावरणविद् प्रो. अजय रावत आग से वनों को बचाने के लिए कोर्ट का मार्गदर्शन करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए लेकिन नेटवर्क की समस्या होने के कारण वे कोर्ट का मार्गदर्शन नहीं दे पाए। उनके द्वारा कोर्ट से अनुरोध किया कि मामले की सुनवाई हेतु 10 दिसंबर की तिथि नियत की जाय। 10 दिसंबर को वे कोर्ट में व्यक्तिगत रूप से पेश होकर अपने सुझाव कोर्ट में देंगे जिस पर कोर्ट ने अगली सुनवाई 10 दिसंबर की तिथि नियत की ।

## जीजीआईसी में यूसीसी को लेकर हुई कार्यशाला



नैनीताल

हमारे संवाददाता

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नैनीताल में शुक्रवार को यूसीसी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इससे पूर्व कार्यशाला का उद्घाटन पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल ने किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पहला राज्य बन गया है जहां एक समान नागरिक संहिता लागू है। इस कानून के तहत सभी लोगों के पारिवारिक और निजी मामलों जैसे विवाह, तलाक तथा संपत्ति तथा गोद लेने आदि के लिए एक ही कानून लागू हो गया है।

अधिवक्ता संगीता टाकुली ने बताया कि 26 मार्च 2010 के बाद हुए विवाहों का अब पंजीकरण अनिवार्य हो गया है और 27 जनवरी 2025 के बाद होने वाली शादियों का पंजीकरण भी 60 दिनों के भीतर कराना जरूरी हो गया है।

कार्यशाला में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने यूसीसी पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। बच्चों के लिए स्वस्थ बेटी -ऊज्जवल भविष्य योजना के तहत स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रेमा फर्तियाल ने प्रजनन, स्वास्थ्य समेत मासिक धर्म, एनीमिया व पीसीओडी और गर्भाशय कैंसर जैसे विषयों पर चर्चा की। बाल विकास परियोजना अधिकारी डा. रेनू मार्तोलिया और नगर पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल ने बच्चों को उनके भविष्य को लेकर कई जरुरी टिप्स दिए।

कार्यशाला में बाल विवाह रोकने के उद्देश्य से बच्चों को शपथ दिलाई गई। मिशन शक्ति से जेंडर स्पेशलिस्ट चंद्रा ने तेरे मेरे सपने परियोजना की जानकारी दी। कार्यशाला को कामयाब बनाने में प्रधानाचार्या जयश्री और संपूर्ण स्टाफ ने सहयोग किया। इस मौके पर आंगनबाड़ी सेंटर सुपरवाइजर कविता, कुसुमलता और ओएससी नोडल नीलम नाथ भी मौजूद रही।

# फिल्मी दुनिया

## शादी से पहले सोनाक्षी और जहीर इकबाल के रिश्ते में आ गई थी खटास




*सोनाक्षी सिन्हा ने हाल ही में बताया कि शादी से पहले तीन साल एक साथ रहने के बाद जहीर इकबाल के साथ उनके रिश्ते में खटास आ गई थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने इससे कैसे पार किया। हाल ही में सोहा अली खान के पॉडकास्ट में सोनाक्षी ने बताया कि रिलेशनशिप के तीन साल पूरे होने पर दोनों के बीच बहुत झगड़े होने लगे थे। उन्होंने हंसते हुए कहा, हम इतना गुस्सा करते थे कि बस एक-दूसरे के बाल नोचने को तैयार रहते थे। कुछ भी समझ नहीं आ रहा था कि सामने वाला क्या चाहता है।*

*इस परेशानी से निपटने के लिए जहीर ने खुद सुझाव दिया कि कपल्स थेरेपी लेते हैं। सोनाक्षी भी तैयार हो गईं। सिर्फ दो सेशन के बाद दोनों फिर से एक-दूसरे को अच्छे से समझने लगे। सोनाक्षी बोलीं, थेरेपी से पता चला कि जो हम बोलते हैं, उसका मतलब सामने वाला कुछ और ही निकाल लेता है। इससे बहुत मदद मिली और हमारा रिश्ता फिर से पटरी पर आ गया।*

*सोनाक्षी ने यह भी बताया कि डेटिंग शुरू हुए सिर्फ एक हफ्ते में ही वो जहीर से %आई लव यू कहने वाली थीं, लेकिन जहीर उनके मुंह पर हंस पड़े थे और बोले थे, %ये तो पागल लग रही है।*

### सोनाक्षी और जहीर के बारे में



*सोनाक्षी और जहीर की मुलाकात सलमान खान की पार्टी में हुई थी। पहले दोस्ती हुई, फिर प्यार हुआ। सात साल तक रिलेशनशिप को सीक्रेट रखा और जून 2024 में मुंबई में सिविल मैरिज कर ली। उसके बाद बास्टियन में बड़ी रिसेप्शन पार्टी रखी थी।*

## हाईकोर्ट ने निचली अदालत द्वारा जारी सममन आदेश व निचली अदालत में चल रही आपराधिक कार्यवाही को किया रद्द

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने खटीमा के एक प्रधानाचार्य के खिलाफ स्कूल की फीस का गबन करने के मामले में निचली अदालत द्वारा जारी सममन आदेश व निचली अदालत में चल रही आपराधिक कार्यवाही को रद्द कर दिया है ।

आरोपी प्रधानाचार्य केंद्र पाल सिंह पर खटीमा के एक इंटर कॉलेज के छात्रों की जुलाई 2003 से अकटूबर 2003 तक कि फ ीस पर हेरफे र करने के जुर्म में खटीमा थाने मुकदमा दर्ज हुआ था । इस मामले में उनके खिलाफ खटीमा की अदालत ने सममन जारी किया है जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी । न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की पीठ के समक्ष याची के अधिवक्ता ने तर्क रखा कि फ ीस रिकॉर्ड रखने में प्रधानाचार्य का कोई लेना देना नहीं था। कयोंकि यह काम स्कूल के कलर्क द्वारा किया जाता था। प्रारंभिक आरोप पत्र 31 जुलाई 2004 को केंद्र पाल सिंह के विरुद्ध दायर किया गया था लेकिन आगे की जांच के बाद 12 अगस्त 2008 को एक पूरक आरोप पत्र दायर किया गया जिसमें कलर्क बसंत बल्लभ ओली को आरोपी बनाया गया और केंद्र पाल सिंह को अपराधों से बरी कर दिया गया था। राज्य/प्रतिवादी ने भी जवाबी हलफ नामे में इस तथ्य पर विवाद नहीं किया कि पूरक आरोप पत्र में केंद्र पाल सिंह द्वारा कोई अपराध न किए जाने की बात कही गई थी न्यायालय ने पाया कि न्यायिक मजिस्ट्रेट खटीमा ने 12 अगस्त 2008 के पूरक आरोप पत्र पर संज्ञान नहीं लिया और 31 जुलाई 2004 के पहले आरोप पत्र के आधार पर ही 22 मार्च 2010 को केंद्र पाल सिंह को सममन जारी कर दिया।

## News कॉर्नर

### अवैध खड़िया खनन मामलाः हाईकोर्ट में सुनवाई अब 11 को

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने बागेश्वर जिले के कांडा तहसील सहित जिले के कई अन्य गांवों में अवैध खड़िया खनन से आई दरारों के मामले में स्वतः संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका के अलावा 165 खनन इकाइयों से संबन्धित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई शुक्रवार को भी की। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपध्याय की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु 11 दिसंबर की तिथि नियत की है। कोर्ट ने 11 दिसंबर को सचिव खनन व अपर सचिव खनन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश होने को कहा है साथ में कोर्ट ने रजिस्ट्री विभाग से कहा है कि खड़िया स्टोन क्रेशर मालिक नवीन परिहार के खिलाफ जो मुकदमे विचाराधीन हैं उनको भी सुनवाई हेतु जनहित याचिका के साथ सूचिबद्ध करें। ताकि सभी मामलों की एक साथ सुनवाई हो सके। पूर्व में कोर्ट ने स्टॉक वेरिफि केशन की ऑरिजनल रिपोर्ट पेश करने को कहा था लेकिन रिकार्ड उपलबध नहीं होने के कारण कोर्ट ने दोनों अधिकारियों को पेश होने के आदेश दिए।

### हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग को दी पखवाड़ेभर की मोहलत

**नैनीताल** । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अपात्र विकलांगता प्रमाण पत्रों के जरिए शिक्षा विभाग में आरक्षण का लाभ ले रहे दर्जनों कार्मिकों के प्रमाण पत्रों की जांच की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। बता दें मामले की सुनवाई पर शुक्रवार को भी विभाग के द्वारा अब तक की गई जाँच रिपोर्ट कोर्ट में पेश नहीं की। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने उन्हें 15 दिन का अंतिम अवसर देते हुए जाँच रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मामले की अगली इसके बाद की तिथि नियत की है।मामले की सुनवाई मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपध्याय की खण्डपीठ में हुई।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित दो राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कराएगा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल स्थित मदन मोहन मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र (एमएमटीटीसी) में भारतीय ज्ञान परंपरा आधारित दो राष्ट्रीय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

बता दें कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रकोष्ठ, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से यह महत्वपूर्ण जिमेदारी एमएमटीटीसी कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल को सौंपी गई है। इन कार्यक्रमों के संचालन हेतु वर्तमान में देश के केवल चार विश्वविद्यालयों का चयन किया



गया है जिनमें कुमाऊँ विश्वविद्यालय का शामिल होना एक उल्लेखनीय कामयाबी है। केंद्र की निदेशक प्रो. दिव्या जोशी के मुताबिक इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों में भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रम में प्रभावी रूप से समेकित करने हेतु शिक्षक क्षमता का सुदृढ़ विकास करना है। उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल प्रतिभागियों को भारतीय बौद्धिक परंपराओं की मूल अवधारणाओं से परिचित कराएगी बल्कि उन्हें व्यावहारिक प्रशिक्षण भी मुहैया कराएगी।

यूजीसीआईकेएस प्रकोष्ठ की इस राष्ट्रीय प्रशिक्षण पहल के बारे में जानकारी देते हुए केंद्र के प्राध्यापक प्रो. रीतेश साह ने कहा कि यह कार्यक्रम भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित शिक्षण-अधिगम मॉडल, पाठ्यक्रम समेकन के ढाँचे तथा नवीन शिक्षण उपकरणों तथा श्रेष्ठ शैक्षणिक प्रथाओं को समझने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। प्रो. साह ने यह भी उल्लेख किया कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम विश्वविद्यालयों को स्वदेशी ज्ञान परंपरा के संरक्षण तथा संवर्धन एवं शैक्षणिक एकीकरण की दिशा में सशक्त बनाते हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से कुमाऊं विश्वविद्यालय राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ज्ञान प्रणाली के प्रसार तथा सुदृढ़ीकरण और शैक्षणिक क्षमता विकास में एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने जा रहा है।

कार्यक्रम के अंतर्गत 14 दिसंबर (रविवार) को एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम (ओरिएंटेशन कार्यक्रम) आयोजित होगा जिसमें यूजीसी द्वारा प्रशिक्षित मास्टर प्रशिक्षक समिलित होंगे। इसके पश्चात 15 से 20 दिसंबर तक 6 दिवसीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगाए जिसमें देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों से ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से चयनित प्रतिभागी (शिक्षक एवं शोधार्थी) भाग लेंगे।

# ऑनलाइन अल्ट्राटेक सीमेंट आपूर्ति के नाम पर ठगी, लाखों रुपये हड़पे

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

ऑनलाइन माध्यम से अल्ट्राटेक सीमेंट के उत्तराखंड सी एण्ड एफ के बारे में जानकारी लेते समय एक व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार हो गया। पीड़ित को हेल्पलाइन नंबर 02245301957 के माध्यम से अभिषेक (मोबाइल नंबर 7364081780) और प्रमोद (मोबाइल नंबर 8170833249) से संपर्क कराया गया। आरोपियों ने खुद को सीमेंट सप्लायर बताकर 1,000 कट्टों का फर्जी बिल तैयार किया और कुल 2,73,408 की राशि लेने में सफल रहे। यह भुगतान 11 सितंबर 2025 को आनंद बल्लभ भट्ट के खाते से आरटीजी,स के माध्यम से किया गया। इसके अतिरिक्त 500 कट्टों के दूसरे बिल के नाम पर 1,33,120 की मांग की गई, जिसमें से 85,000 एवं 4,000 का भुगतान धीरज भट्ट के खाते से फोन पे द्वारा तथा 44,120 का भुगतान प्रकाश चन्द्र भट्ट के खाते से 13 सितंबर 2025 को किया गया। निर्धारित तिथि 14 सितंबर 2025 को जब सीमेंट की डिलीवरी नहीं पहुंची और आरोपियों ने फोन उठाना भी बंद कर दिया, तब पीड़ित को समझ आया कि यह साइबर ठगी का मामला है। पीड़ित द्वारा ऑनलाइन साइबर सेल में शिकायत भी दर्ज की जा चुकी है। बताया गया कि आरोपियों के मोबाइल नंबर अभी भी सक्रिय हैं।

पीड़ित ने पुलिस प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस गंभीर साइबर धोखाधड़ी के मामले में तत्काल एफआईआर दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

# सहायक अध्यापक के नियम विरुद्ध किये गए स्थान्तरण के मामले में याची सीईओ अल्मोड़ा के समक्ष प्रत्यावेदन दें:हाईकोर्ट

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने एक सहायक अध्यापक के नियम विरुद्ध किये गए स्थान्तरण के मामले में याची को मुखय शिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा के समक्ष प्रत्यावेदन देने को कहा है ।

बता दें कि याचिकाकर्ता गौरव पंत जो वर्ष 2001 में सरकारी प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर नियुक्त हुए थे और 2015 में सरकारी जूनियर हाईस्कूल में सहायक अध्यापक के रूप में पदोन्नत हुए थे उन्होंने अपने तबादले को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता को 24 जून 2023 के आदेश से सरकारी प्राथमिक विद्यालय कृष्णादास साह हवालबाग अल्मोड़ा से सरकारी प्राथमिक विद्यालय कलोटा धौलादेवी में स्थानांतरित कर दिया गया था।

याचिकाकर्ता की आपत्ति थी कि तबादला आदेश से उनका कैडर पूरी तरह से बदल दिया गया है। उन्होंने तर्क दिया कि उन्हें सरकारी प्राथमिक



विद्यालय में सहायक अध्यापक के रूप में स्थानांतरित किया गया है जबकि वे वर्ष 2015 में सरकारी जूनियर हाई स्कूल में सहायक अध्यापक के पद पर पदोन्नत हो चुके थे। इस मामले में राज्य सरकार ने बताया कि तबादला आदेश में केवल टंकण की गलती थी जिसे बाद में सुधार दिया गया है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने इस मामले में सरकारी अधिवक्ता द्वारा दिए गए बयान को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता को संबंधित मुखय शिक्षा अधिकारी के समक्ष अपना अभयावेदन प्रस्तुत करने की स्वतंत्रता देते हुए रिट याचिका का निस्तारण कर दिया।

## कमलुआगांजा बोहरा कॉलोनी से महिला दो बच्चों संग लापता

**हल्द्वानी**। कमलुआगांजा स्थित बोहरा कॉलोनी में रहने वाली मोनिका चंद 7 अक्टूबर से अपने दो बच्चों के साथ रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई हैं।

जानकारी के अनुसार, मोनिका अपने भाई के साथ किराए के मकान में रहती थीं। घटना के दिन उनका भाई गाजियाबाद में परीक्षा देने गया हुआ था। 18 अक्टूबर को लौटने पर उसे बहन और भांजे-भांजी के कमरे में न मिलने की जानकारी मिली।

भाई ने मकान मालिक से पूछताछ की, तो बताया गया कि मोनिका 7 अक्टूबर को ही घर छोड़कर चली गई थीं और उन्होंने कहा था कि वे अपनी ब?ी बहन के पास जा रही हैं। हालांकि परिजनों ने सभी संभावित स्थानों और रिश्तेदारों में तलाश की, लेकिन मोनिका और बच्चों का कोई सुराग नहीं लग सका। भाई ने पुलिस प्रशासन से तत्काल गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर उसे ढूंढने की गुहार लगाई है।

# मैथ्स विजार्ड व इंग्लिश जीनियस प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के दूरस्थ विकासखंड ओखलकांडा के न्याय पंचायत तुषराड के तहत समस्त प्राथमिक विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं के लिए मैथ्स विजार्ड और इंग्लिश जीनियस प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय प्राथमिक विद्यालय झडगांव तल्ला में किया गया।

प्रतियोगिता में न्याय पंचायत तुषराड के समस्त विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। प्रथम स्थान प्राप्त और द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं को विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना होगा। मैथ्स विजार्ड में राजकीय प्राथमिक विद्यालय खजूरी से गौरव पलडि?ा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवली से राहुल महतोलिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इंग्लिश जीनियस प्रतियोगिता में विनीता बिष्ट राजकीय प्राथमिक विद्यालय झडगांव मल्ला ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवली से हिमांशु महतोलिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय झडगांव से प्रधानाध्यापक हीरा बल्लभ भट्ट, महेश महतोलिया, खीमेश फुलारा, पूनम सनवाल, गीता मेहता, महेश कांडपाल और भुवनेश्वर बिष्ट,राजकीय प्राथमिक विद्यालय कोटली के विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दीपक कोटलिया, विद्यालय प्रबंधन समिति खजूरी से सतीश चन्द्र पलडि?ा व त्रिवेणी चन्द्र उपस्थित रहे।



### नैनीताल में गुम हुए 4 किशोर

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल क्षेत्र में शुक्रवार को स्कूल में पढ़ने वाले चार किशोर गुम हो गए। सीसीटीवी कैमरों व लोगों से पूछताछ के बाद किशोरों को खोजकर परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को स्कूल को गए गेठिया, वीर भट्टी व कृष्णापुर क्षेत्र के चार किशोर शाम तक घर नहीं पहुंचे। घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने पूछताछ की लेकिन उनका पता नहीं लग पाया। जिसके बाद परिजन पुलिस के पास पहुंचे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने सीसीटीवी से किशोरों की खोजबीन की तो तल्लीताल क्षेत्र से ही किशोर बरामद हो गए।

# वारंटियों को पकडने पंजाब पुलिस नैनीताल पहुंची

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

पंजाब से फरार गैर जमानती वारंटियों को पंजाब पुलिस ने नैनीताल के होटल से गिरफ्तार किया। पुलिस की ढील के चलते एक वारंटी गिरफ्त से फरार हो गया। पुलिस वारंटी की खोजबीन में जुटी है।

जानकरी के अनुसार धारा 420 के वारंटी मोहाली पंजाब निवासी पति पत्नी विवेक कुमार व रितु अपने आठ वर्षीय बच्चे के साथ नैनीताल आ गए। वहीं पंजाब पुलिस की ओर से

**खोजबीन**

- होटल से दो वारंटियों को पकड़ा, एक गिरफ्त से फरार

दोनों वारंटियों की मोबाइल लोकेशन ट्रेस की और टीम दोनों को पकडने के लिए नैनीताल पहुंच गई। जहां कोतवाली पुलिस की मदद से पंजाब पुलिस ने दोनों वारंटियों को एक होटल से दबोच लिया। पुलिस दोनों वारंटियों को पकड़ कर कोतवाली ले आई। इस दौरान पुलिस की ढील के चलते विवेक पुलिस की गिरफ्त से भाग गया। पुलिस ने पीछा किया लेकिन वह फरार हो गया। जिसके बाद कई घंटों तक पुलिस सीसीटीवी कैमरे खंगालती रही और फ रार वारंटी को कई जगह ढूंढती रही लेकिन वह पुलिस के हाथ नहीं आया।

मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि मामले में महिला वारंटी रितु को पंजाब पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया वहीं फ रार वारंटी विवेक की तलाश की जा रही है।

# रम्पुरा की महिलाओं को बिजली कनेक्शन न मिलने पर विधायक शिव का चढ़ा पारा

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

नजूल, दानपात्र पर बसे 30 हजार परिवारों को बिजली कनेक्शन ना मिलने का मुद्दा एक बार फिर गरमाया। रम्पुरा क्षेत्र की तमाम महिलाओं के साथ विधायक शिव अरोरा बिजली घर पहुंचे और कनेक्शन न देने पर विधायक का पारा चढ़ गया। मौके पर मौजूद एसडीओ को खरी खोटी सुनाई। विधायक ने चेतावनी दी कि अगर 30 हजार परिवार के लिए डीएम कार्यालय पर दरी बिछाने से पीछे नहीं हटेंगे। बता दें कि विगत दिनों जिला विकास प्राधिकरण की ओर से जारी आदेश जिसमे बिना नक्शा पास करवाए किसी ?ो बिजली कनेक्शन नहीं दिया जायेगा। विधायक शिव अरोरा तीन दिन पूर्व जिला विकास प्राधिकरण लोगो के



साथ गये थे। जहाँ उन्होंने प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने आश्वासत किया था कि नजूल दानपात्र पास बसे लोग जिनके पास अपना भू स्वामित्व नही है ऐसे लोगो ?ो मानचित्र स्वीकृत कराने कि शर्त से बाहर रखा जायेगा। रम्पुरा की कुछ महिलाएं बिजली कनेक्शन को बिजली विभाग पहुंची तो वहां उनको यह कह कर उनकी फाइल को लौटा दिया गया कि बिना नक्शा पास किये बिजली कनेक्शन नही दिया जायेगा। इस बात की जानकारी विधायक को मिली तो वह स्वयं अटरिया मोड़ स्थित बिजली घर पहुंचे और उनका पारा चढ़ गया। विधायक ने एसडीओ को खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कब दो दिन पूर्व विकास प्राधिकरण में वार्ता हो गई और वर्षो से बसे नजूल दानपात्र के लोगो के पास अपना स्वामित्व नही है उनको इस नक्शा पास अनिवार्य से मुक्त रखा जायेगा। बिजली विभाग इन रम्पुरा कि सीधी सादी महिलाओ को विद्युत विभाग फाइल लोटाने की कैसे हिम्मत हुई। विधायक ने चेतावनी दी कि रुद्रपुर के नजूल दानपात्र पर बसे 30 हजार परिवार के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बिलकुल बर्दास्त नहीं करुँगा विद्युत कनेक्शन मिलेंगे और सभी को मिलेंगे। इसको कोई रोक नही सकता। विधायक ने एसडीओ को कहा एक एक नजूल दानपात्र के गरीब को कनेक्शन दिये जायेगे यह सुनिश्चित कर लें। जरुरत पड़ी तो वह इन परिवारों के लिए डीएम कार्यालय पर दरी बिछाने से पीछे नहीं हटेंगे। विधायक ने कहा कि जनहित सर्वोपरि है। इस दौरान राजेंद्र राठौर,मनोज मदान, पिंटू पाल, राज कोली, मयंक कक्कड़ समेत अन्य लोग मौजूद रहे।